उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 29/2021/504/छप्पन-2021-37/2014
लखनऊ, दिनांक: 01 मार्च, 2021

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

कार्यालय-ज्ञाप संख्या-70/2019/1666/56-2019-37/2014 दिनांक 21 अगस्त, 2019 द्वारा श्री बसंत कुमार द्विवेदी की नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन अनुरक्षण, सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई में वायुयान एवियानिक्स अनुरक्षण अभियंता के पद पर संविदा अवधि नियत मासिक पारिश्रमिक रू0 2,43,101/- एवं शासनादेश संख्या-1422/छप्पन-2011-17/2014 दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार 5% की वार्षिक वेतन वृद्धि यथासमय अनुमन्य करते हुए अग्रेतर उनकी 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने (अर्थात् दिनांक 25 अगस्त, 2019 से 28 फरवरी, 2021) तक के लिए बढ़ाई गई थी, जो दिनांक 28 फरवरी, 2021 को समाप्त हो रही है।

2- श्री बसंत कुमार द्विवेदी के द्वारा निदेशालय के 05 प्रकार के वायुयानों पर लाईसेन्स का पृष्ठांकन रखने एवं उनके बृहद योग्यता/अनुभव तथा डी0जी0सी0ए0 द्वारा जारी नवीनतम सी0ए0आर0 66 के अनुसार ए0एम0ई0 लाईसेन्स धारित करने के दृष्टिगत निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा पत्र दिनांक 09 दिसम्बर, 2020 के माध्यम से श्री द्विवेदी को 60 वर्ष की आयु में शिथिलता प्रदान करते हुए उनकी संविदा अवधि को 02 वर्ष के लिए बढ़ाए जाने का अनुरोध किया गया।

3- अत: सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन अनुरक्षण, सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई उत्तर प्रदेश, लखनऊ में वायुयान एवियानिक्स अनुरक्षण अभियंता के पद पर श्री बसंत कुमार द्विवेदी को 60 वर्ष की आयु में शिथिलता प्रदान करते हुए उनकी संविदा अवधि वर्तमान पारिश्रमिक रू0 2,68,019/- एवं शासनादेश संख्या-1422/छप्पन-2011-17/2014 दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार 5% की वार्षिक वेतन वृद्धि यथासमय अनुमन्य करते हुए अग्रेतर 06 माह अर्थात् दिनांक 01 मार्च, 2021 से 31 अगस्त, 2021 तक के लिए बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

4- श्री बसंत कुमार द्विवेदी की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत जारी रहेंगी।

5- श्री बसंत कुमार द्विवेदी की संविदा सेवा वृद्धि के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित करके उसकी एक-एक प्रति श्री द्विवेदी एवं शासन को उपलब्ध कराई जाएगी।

सुरेन्द्र कुमार
अनु सचिव

श्री बसंत कुमार द्विवेदी,
वायुयान एवियानिक्स अनुरक्षण अभियंता (संविदा सेवा),
नागरिक उड्डयन निदेशालय,
उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

पृ0सं0- 29/2021/504(1)/छप्पन-2021, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि श्री बसंत कुमार द्विवेदी से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित करके उसकी एक-एक प्रति श्री द्विवेदी एवं शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0 प्रयागराज।
3. कोषधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
5. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7।
6. गार्ड फाइल

आज्ञा से,
सुरेन्द्र कुमार
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।